DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA
PERIODIC ASSESSMENT -I, 2023-24

1. Please check that this question paper contains 03 printed pages.
2. Check that this question paper contains **7** questions.
3. Write down the Serial Number of the questions in the left side of the margin before attempting it.

CLASS – VI
SUBJECT: HINDI

Time: 1 hour 30 Mins **Maximum Marks: 40+4**

सामान्य निर्देश:-

- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग और घ ।
- सभी खंड अनिवार्य हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

<u>खंड – क (अपठिक बोध)</u>

Q1. निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **1x5=5**

हम कागज़ का उपयोग लिखने और छपाई के लिए करते हैं। कभी आपने सोचा है कि कागज़ हमें कैसे मिलता है? आमतौर पर कागज़ लकड़ी की लुगदी से बनाया जाता है। इसके अलावा बाँस और घास से भी कागज़ बनता है। पहले जब कागज़ नहीं था तब पेड़ की छाल और पत्तों पर लिखा जाता था। आज बाज़ार में कई रंगों के कागज़ उपलब्ध हैं। लेकिन लिखने के लिए अधिकतर सफ़ेद कागज़ का इस्तेमाल किया जाता है। कागज़ बहुत उपयोगी है, इसे बरबाद नहीं करना चाहिए। यदि हम कागज का उपयोग समझदारी से नहीं करेंगे तो अधिक मात्रा में कागज़ बनाना होगा। इसके लिए अधिक पेड़ काटने होंगे, जिससे पर्यावरण पर संकट आ जाएगा।

(i) कागज़ का उपयोग हम किसलिए करते हैं ?
(ii) जब कागज़ नहीं था तब किस पर लिखा जाता था ?
(iii) कागज़ किन चीज़ों से बनाया जाता है ?
(iv) कागज़ का प्रयोग समझदारी से न करने पर क्या होगा ?
(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

<u>खंड – ख (व्याकरण)</u>

Q2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - **1x10=10**

(i) दिए गए शब्द के तुकांत शब्द लिखिए –
चहक
(ii) दिए गए शब्द को और क्या कहते हैं ? लिखिए –
लेख
(iii) दिए गए शब्द से वाक्य बनाकर लिखिए –
नेक
(iv) दिए गए शब्द में अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिन्ह लगाइए –
सपादक
(v) दिए गए शब्द का सही रूप लिखिए –
सप्ताहिक

(vi) दिए गए शब्द का बहुवचन रूप लिखिए –
कहानी
(vii) दिए गए शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए –
अमीर
(viii) दिए गए शब्द का विलोम शब्द लिखिए –
जीवन
(ix) दिए गए शब्द का लिंग बदलकर लिखिए –
नर
(x) दिए गए वाक्य में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए –
ताजमहल बहुत सुंदर है ।

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

Q3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 1X6=6

(i) मेहनती व्यक्तियों का रास्ता और मंज़िल कौन – सी होती है ?
(ii) चिट्ठी के नीचे किसके हस्ताक्षर थे ?
(iii) महिपाल सिंह के द्वारा छापे गए अख़बार में कितने पृष्ठ थे ?
(iv) 'हिमपात'कहाँ होता है?
(v) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता के कवि कौन हैं?
(vi) 'एक से एक कतरा मिले' तो क्या बन जाता है?

Q4. दिए गए प्रश्नों के उत्तर (25 -30) शब्दों में लिखिए । 2x5=10

(i) मेहनत करने वाले मनुष्य के मिलकर कदम बढ़ाने से सागर और पर्वत क्या करते हैं ?
(ii) हिमपात कहाँ और कब होता है ?
(iii) महिपाल सिंह द्वारा छापे गए साप्ताहिक समाचार पत्र में क्या – क्या छपता था ?
(iv) आपको महिपाल सिंह के जीवन से क्या प्रेरणा मिलती है ?
(vii) 'पाला' क्या होता है?

Q5. दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए- (4)

हमें जल का सरंक्षण कैसे करना चाहिए ?
अथवा
आप अपने जीवन में आई मुश्किल परिस्थिति का सामना कैसे करेंगे ?

Q6. दिए गए किसी एक विषय से संबन्धित अनुच्छेद (80-100**) शब्दों में लिखिए - (5)**

मेहनत और मिलजुल कर काम करने का महत्व
अथवा

अभ्यास का महत्व

खंड-घ (अच्छा पाठक बोनस् योजना)

Q7. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 1x4=4

(क) हलकू ने कितने रूपए कंबल खरीदने के लिए जोड़े थे ?
(ख) जुम्मन की पत्नी का नाम क्या था ?
(ग) अमलू के पास कैसे बैल थे ?
(घ) किस रात हलकू अपनी मड़ैया पर पहरा देने चला गया ?